उत्तराखण्ड शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
संख्या– 1119/ xxxi(15)G/2023–74(सा0)/2016
देहरादून: दिनांक: 12 जुलाई, 2023

विज्ञप्ति/संशोधन

विज्ञप्ति संख्या 1401/xxxi(15)G/2022–74(सा0)/2016, दिनांक 26 दिसम्बर, 2022 के अनुलग्नक–1 एवं 4 के कमांक–12 पर हरेला पर्व हेतु दिनांक 16 जुलाई, 2023 (रविवार) को अवकाश घोषित किया गया था। विभिन्न माध्यमों से यह ज्ञात हुआ है कि हरेला पर्व दिनांक 16 जुलाई, 2023 के स्थान पर दिनांक 17 जुलाई, 2023 को मनाया जा रहा है।

इस सम्बन्ध में सम्यक् विचारोपरान्त उक्त विज्ञप्ति में **आंशिक संशोधन करते हुए हरेला पर्व हेतु दिनांक 16 जुलाई, 2023 (रविवार) के स्थान पर दिनांक दिनांक 17 जुलाई, 2023 (सोमवार) को सार्वजनिक अवकाश** घोषित किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

उक्त तिथि को निगोशिएबुल इन्स्ट्रूमेंट एक्ट, 1881 के अन्तर्गत बैंक/कोषागार तथा उपकोषागारों में भी अवकाश रहेगा।

उक्त विज्ञप्ति को इस सीमा तक संशोधित समझा जाय, अन्य शर्ते यथावत् रहेगी।

Signed by Vinod Kumar Suman
Date: 12-07-2023 16:30:21 (विनोद कुमार सुमन)
सचिव

संख्या– 1119 /xxxi(15)G/2023–74(सा0)/2016 तद्दिनांक
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. - निबन्धक, मा0 उच्च न्यायालय, नैनीताल को सूचनार्थ एवं इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि इस बारे में जैसा मा0 उच्च न्यायालय उचित समझे, समुचित कार्यवाही करने पर विचार करने का कष्ट करें।
2. - समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
3. - सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उत्तराखण्ड शासन।
4. - सचिव, श्री राज्यपाल, उत्तराखण्ड।
5. - स्टाफ ऑफिसर, मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
6. - सचिव, विधानसभा, उत्तराखण्ड।
7. - समस्त मण्डलायुक्त, कुमाऊँ/गढ़वाल, उत्तराखण्ड।
8. - समस्त जिलाधिकारी/विभागाध्यक्ष, उत्तराखण्ड।
9. - सचिव, उत्तराखण्ड शिक्षा परिषद, रामनगर, नैनीताल।
10. - महानिदेशक, सूचना एवं लोकसम्पर्क विभाग उत्तराखण्ड को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त अवकाश को समाचार पत्रों में प्रकाशित करने का कष्ट करें।
11. - सचिवालय के समस्त अनुभाग।
12. - गार्ड फाईल।

(विनोद कुमार सुमन)
सचिव